## To Double the Income of Farmers

**62 Chaudhary ABHAY SINGH CHAUTALA (Ellenabad):**

Will the Agriculture and Farmers Welfare Minister be pleased to state whether it is a fact that cost of crops is increasing day by day in the State but the income of the farmers is decreasing whereas the promise has been made by the Government to double the income of the farmers by the year 2022; if so, the steps taken or likely to be taken by the Government in this regard togetherwith the details thereof ?

---

**JAI PARKASH DALAL, AGRICULTURE AND FARMERS WELFARE MINISTER, HARYANA**

**Sir,**

Agriculture & Farmers Welfare Department, Haryana is implementing various schemes/programs to uplift the income of the farmers in the state towards achieving the objective of doubling the income of farmers. The steps taken by the department to increase the income of farmers are: -

**1.** Rs. 6,000 per year incentive is being given to all farmers in the State through Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi Yojana (PM-KISAN).

**2.** State declared the Sugarcane price at Rs. 362 per quintal, which is the highest in the country. During the 2021-22, an amount of Rs. 136.03 Crores was provided to various sugar mills of the state as subsidy for payment of sugarcane price to sugarcane growing farmers.

**3.** Bajra was covered under Bhavantar Bharpayee Yojana (BBY) during Kharif 2021. Rs. 600 per quintal as difference of the MSP and average market price (i.e. between Rs. 2,250 and Rs. 1,650) was paid to the farmers.

**4.** Government of India announced Agriculture Infrastructure Fund (AIF) in 2020-21 to develop agriculture infrastructure like godown, packhouse and all other post harvesting structures etc. 346 Projects worth Rs. 355 Crore have been sanctioned in Haryana till now.

**5.** *"सेम एवं कल्लर भूमि सुधार योजना"* has been launched by the department for participation of farmers in the scheme for treatment of alkaline and saline soil. A total number of 3,662 farmers registered their 20,997 acres land for reclamation. The work on 20,000 acres through vertical drainage system in Hisar, Bhiwani, Sirsa and Sonipat is under process.

6. Uttam Beej Portal has been launched for Govt./private agencies to register their seed growers from Rabi 2021-22.
7. State Government decide to procure pulses and oilseeds (Sunflower, Gram, Groundnut, Arhar, Til, Urad) when the market price fell below the MSP.
8. The farmers were given incentive @ Rs. 7,000 per acre for replacing paddy (water guzzling crop) with alternate crops (less water consuming) like Cotton, Kharif Pulses, Kharif Oilseeds, Maize, Fodder, Horticulture/Vegetables and even for fallow land. During current Kharif Season (2022) Poplar and Eucalyptus have also been included.
9. To promote Pulses (Moong, Arhar and Urad) and Oilseeds crops (Castor, Groundnut and Til) in place of Bajra in the State. Financial assistance of Rs. 4,000 per acre has been given to the farmer.
10. Financial assistance is being given @ Rs. 5,000 per acre to a farmer for setting up the demonstration plots of Direct Seeded Rice (max. upto 2.5 acres).
11. State Government cover the risk of farmer's crops through Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana.
12. Under Crop Residue Management (CRM) Programme, 72,777 machines have been provided on subsidy (50% to Individual Farmer and 80% to Custom Hiring Centers) with total subsidy of Rs. 584 Crores during last four year (2018-19 to 2021-22). Out of them, 31,446 machines have been given to 6,775 Custom Hiring Centers and 41,331 machines to Individual Farmers.
13. Department of Horticulture has launched a unique Crop Cluster Development Program and would be first State to establish complete supply chain for fresh fruits and vegetables. In each cluster one FPO is being formed with 300 farmer members. Further, in each cluster one integrated pack house is being established for supply chain, marketing of horticulture produces and linking of farmers directly with the market.
14. Haryana is at forefront in formation of Farmer Producer Organizations (FPOs) in the country.
15. Haryana is the first State to establish a Honey Trade Centre (HTC) at Integrated Beekeeping Development Center (IBDC), Ramnagar, Kurukshetra. The subsidy on bee boxes and bee colonies has been increased from 40% to 85%.

**16.** To safeguard the interest of horticultural farmers during natural calamities scheme namely Mukhyamantri Baagwani Bima Yojana (MBBY) has been started by the Government.

**17.** Government has increased the subsidy of new orchards which planted at normal spacing from Rs. 12,000 to Rs. 32,500 per acre, for high density plantation from Rs. 16,000 to Rs. 50,000 per acre and for plantation of tissue culture date palm from Rs. 1,21,680 to Rs. 1,40,000 per acre.

**18.** The subsidy on vegetable cultivation has been increased from Rs. 8,000 to Rs. 15,000 per acre. The subsidy on spices cultivation has been increased from Rs. 4,800 to Rs. 15,000 per acre and for prioritized spices (Garlic, Turmeric & Ginger) from Rs. 4,800 to Rs. 30,000 per acre.

**19.** Government provides price protection on horticultural crops to the farmers when market rates are down as compare to rates fixed in Bhavantar Bharpayee Yojana. Due to this more and more farmers adopting horticulture. From 2018-19 to till date 5,403 farmers benefited with an amount of Rs. 14.12 crore.

**20.** Horticulture Department is promoting innovative technologies as vertical farming to enhance yield, increase availability and thereby doubling the income of farmers.

**21.** Choudhary Charan Singh Haryana Agriculture University, Hisar became the First Agriculture University among State Agriculture Universities of the Country having 07 Community Radio Stations for the welfare of the farmers. Farmers will be provided latest information related to improved varieties of crops as well as their sowing information, diseases and pests and their solutions, weather information, advice of university scientists, animal husbandry and home science.

**22.** Kisan Credit Cards provided to fish farmers to promote fisheries, strengthen fish seed farms and set up fish feed mills.

## किसानों की आय दोगुना करना

**62. श्री अभय सिंह चौटाला (ऐलनाबाद):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि राज्य में फसलों की लागत दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे है परन्तु किसानों की आय कम हो रही है जबकि वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने का सरकार द्वारा वादा किया गया है; यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए या उठाए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

---

**जय प्रकाश दलाल, कृषि एंव किसान कल्याण मंत्री, हरियाणा**

**श्रीमान जी,**

किसानों की आय को दोगुना करने के उद्देश्य को प्राप्त करने की दिशा में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा राज्य के किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों को लागू कर रहा है। किसानों की आय बढ़ाने हेतू विभाग द्वारा उठाए गए कदमः-

1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम-किसान) के माध्यम से राज्य के सभी किसानों को 6,000 रूपए प्रति वर्ष प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।
2. राज्य ने गन्ने का मूल्य 362 रूपए क्विंटल घोषित किया, जो देश में सबसे अधिक है। राज्य की विभिन्न चीनी मिलों के गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ना मूल्य के भुगतान के लिए वर्ष 2021-22 के दौरान 136.03 करोड़ रूपए की राशि सब्सिडी के रूप में प्रदान की गई।
3. खरीफ 2021 के दौरान बाजरे को भावांतर भरपाई योजना (बीबीवाई) के तहत कवर किया गया था। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और औसत बाजार मूल्य (यानी 2,250 रूपए और 1,650 रूपए के बीच) के अंतर के रूप में 600 रूपए प्रति क्विंटल का भुगतान किया गया।

4. भारत सरकार ने वित वर्ष 2020-21 के दौरान कृषि बुनियादी ढांचे जैसे गोदाम, पैकहाउस और अन्य सभी पोस्ट हार्वेस्टिंग सरंचनाओं आदि हेतू को विकसित करने के लिए कृषि अवसरंचना कोष (एआईएफ) की घोषणा की। हरियाणा में अब तक 355 करोड़ रूपए की 346 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

5. विभाग द्वारा क्षारीय एवं लवणीय मृदा के उपचार हेतु योजना में किसानों की भागीदारी हेतु "सेम एवं कल्लर भूमि सुधार योजना" प्रारंभ की गई है। कुल 3662 किसानों ने अपनी 20,997 एकड़ भूमि को सुधार के लिए पंजीकृत किया। हिसार, भिवानी, सिरसा और सोनीपत में ऊर्ध्वाधर जल निकासी प्रणाली के तहत 20,000 एकड़ पर कार्य प्रक्रियाधीन है।

6. रबी 2021-22 से बीज उत्पादकों को पंजीकृत करने के लिए सरकारी/निजी एजेंसियों के लिए उत्तम बीज पोर्टल शुरू किया गया है।

7. राज्य सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य से बाजार मूल्य कम होने पर दलहन और तिलहन (सूरजमुखी, चना, मूंगफली, अरहर, तिल, उड़द) की खरीद का फैसला लिया है।

8. धान (अधिक पानी की खपत वाली फसल) के स्थान पर कम पानी की खपत वाली फसलें कपास, खरीफ दालें, खरीफ तिलहन, मक्का, चारा, बागवानी/सब्जियां और बंजर भूमि के लिए भी किसानों को 7,000 रूपए प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। वर्तमान खरीफ मौसम (2022) के दौरान सफेदा और पोपुलर को भी शामिल किया गया है।

9. राज्य में बाजरा के स्थान पर दलहन फसलों (मूंग, अरहर और उड़द) और तिलहन फसलों (अरंडी, मूंगफली व तिल) को बढ़ावा देने के लिए किसानों को 4,000 रूपए प्रति एकड़ की आर्थिक सहायता दी गई है।

10. धान की सीधी बिजाई (अधिकतम 2.5 एकड़ तक) के प्रदर्शन प्लॉट लगाने के लिए किसानों को 5000 रुपये प्रति एकड़ की दर से वित्तीय सहायता दी जा रही है।

11. राज्य सरकार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के माध्यम से किसानों की फसलों के जोखिम को कवर करती है।

12. फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) कार्यक्रम के तहत, पिछले चार वर्षों (2018-19 से 2021-22 तक) में कुल 584 करोड़ की सब्सिडी के साथ 72,777 मशीनें (व्यक्तिगत किसान को 50% और कस्टम हायरिंग सेंटर को 80%) सब्सिडी पर प्रदान की गई हैं। इनमें से 6,775 कस्टम हायरिंग सेंटर को 31,446 मशीनें और व्यक्तिगत किसानों को 41,331 मशीनें दी गई हैं।

13. बागवानी विभाग ने एक अनूठा फसल समूह विकास कार्यक्रम शुरू किया है और ताजे फल व सब्जियों के लिए पूरी आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने वाला पहला राज्य होगा। प्रत्येक क्लस्टर में 300 किसान सदस्यों के साथ एक एफपीओ का गठन किया जा रहा है। इसके अलावा, प्रत्येक क्लस्टर में आपूर्ति श्रृंखला, बागवानी उत्पादों के विपणन और किसानों को सीधे बाजार से जोड़ने के लिए एक एकीकृत पैक हाउस स्थापित किया जा रहा है।

14. हरियाणा देश में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन में सबसे आगे है।

15. हरियाणा एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र (आईबीडीसी), रामनगर, कुरुक्षेत्र में हनी ट्रेड सेंटर (एचटीसी) स्थापित करने वाला पहला राज्य है। मधुमक्खी के बक्सों और मधुमक्खी कॉलोनियों पर सब्सिडी 40% से बढ़ाकर 85% कर दी गई है।

16. प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बागवानी किसानों के हितों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना (एमबीबीवाई) शुरू की गई है।

17. सरकार ने सामान्य दूरी पर लगाए गए नए बागों की सब्सिडी 12,000 रुपये से बढ़ाकर 32,500 रुपये प्रति एकड़, उच्च घनत्व वाले वृक्षारोपण के लिए 16,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये प्रति एकड़ और उत्तक संवर्धन खजूर के रोपण के लिए 1,21,680 रुपये से बढ़ाकर 1,40,000 रुपये प्रति एकड कर दी है।

18. सब्जी की खेती पर सब्सिडी को 8,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रति एकड़ कर दिया गया है। मसालों की खेती पर सब्सिडी 4,800 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रति एकड़ और प्राथमिकता वाले मसालों (लहसुन, हल्दी और अदरक) के लिए 4,800 रुपये से बढ़ाकर 30,000 रुपये प्रति एकड़ कर दी गई है।

19. भावांतर भरपाई योजना में निर्धारित दरों की तुलना में बाजार दर कम होने पर सरकार किसानों को बागवानी फसलों पर मूल्य संरक्षण प्रदान करती है। इससे अधिक से अधिक किसान बागवानी को अपना रहे हैं। 2018-19 से अब तक 5,403 किसानों को 14.12 करोड़ रुपये की राशि का लाभ मिला है।

20. बागवानी विभाग उपज बढ़ाने, उपलब्धता बढ़ाने और किसानों की आय को दोगुना करने के लिए ऊर्ध्वाधर खेती के रूप में नवीनतम तकनीकों को बढ़ावा दे रहा है।

21. चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार किसानों के कल्याण के कल्याण हेतू 07 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के साथ देश के राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में पहला कृषि विश्वविद्यालय बन गया। किसानों को फसलों की उन्नत किस्मों के साथ-साथ उनकी बुवाई की जानकारी, रोगों, कीटों और उनके समाधान, मौसम की जानकारी, विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की सलाह, पशुपालन और गृह विज्ञान से संबंधित नवीनतम जानकारी प्रदान की जाएगी।

22. मत्स्य पालन को बढ़ावा देने, मछली बीज फार्म को मजबूत करने और मछली फीड मिलों की स्थापना के लिए मछली किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किए गए।